<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–19 सितम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- जीएसटी सुधारों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति जताया आभार। कहा–किसानों और ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था के लिए भी ऐतिहासिक है यह सुधार।
- पांच लाख करोड़ रुपए से अधिक की निजी निवेश परियोजनाओं के साथ नवम्बर में लखनऊ में होगी पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास विभाग के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर तैयारियों के दिए निर्देश।
- प्रदेश के कई सिनेमाघरों सहित देश भर के पांच सौ सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म, ''चलो जीते हैं''। शिक्षा मंत्रालय ने सीबीएसई बोर्ड, केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय समिति को विद्यार्थियों को फिल्म दिखाने का दिया है निर्देश।
- प्रदेश के पूर्वी हिस्से में इस सप्ताह भी बारिश की संभावना। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कल से शुष्क हो सकता है मौसम।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में जीएसटी सुधारों को लेकर आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी का यह निर्णय देशवासियों को महंगाई से राहत और व्यापार को गति देने वाला है। यह केवल एक टैक्स सुधार नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने वाला व्यापक अभियान है।

**जीएसटी काउंसिल ने अभी हाल ही में तीन सितम्बर को जो अपनी छप्पन वीं बैठक हुई है, उसमें इस पर पूरी चर्चा करने के उपरांत सर्वसम्मति से इसका अनुमोदन किया है और जो बाईस सितम्बर से शारदीय नवरात्रि के अवसर पर लागू हो रहा है। मुख्य रूप से यह अब तक की टैक्स रिफॉर्म का एक बहुत बड़ा अभियान का हिस्सा है और यह आदरणीय प्रधानमंत्री जी का देशवासियों को दीपावली का गिफ्ट भी है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुधार किसानों और ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था के लिए भी ऐतिहासिक है। उन्होंने जीएसटी देने वाले व्यापारियों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा की पहल की भी चर्चा की।

**उत्तर प्रदेश ने जीएसटी लागू होने के बाद प्रयास किया कि हम अपने यहां रजिस्ट्रेशन की दर को बढ़ाएं। और मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि जीएसटी हमारी बढ़ी तो उत्तर प्रदेश ने व्यापारी कल्याण बोर्ड के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराने वाले हर उस व्यापारी को हमने दस लाख रुपये की सुरक्षा बीमा का कवर भी दिया।**

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। तीन सितम्बर को जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की थी। नई दरें बाईस सितंबर से लागू होंगी। कमर्शियल मालवाहक वाहनों को लेकर हुए जीएसटी सुधारों पर एक रिपोर्ट–

**डिलीवरी वैन पर जीएसटी दरों को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। वही देश के 65 से 70 प्रतिशत माल यातायात को ढोने वाले ट्रकों पर भी जीएसटी दर 18 प्रतिशत हो गया हैं। इस कटौती से भारत के परिवहन और रसद क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, जीएसटी को कम करने से ट्रकों की पूंजीगत लागत और प्रति टन किलोमीटर की फ्रेट दरों को कम किया जायेगा। यह कदम देश की आपूर्ति श्रृंखला को और अधिक पुनर्जीवित करेगा जिससे निर्यात प्रतिस्पर्धा में सुधार होगा। जीएसटी सुधारों के अंतर्गत इस युक्तिकरण से कृषि सामान, सीमेंट, स्टील, एफएमसीजी और ई–कॉमर्स डिलीवरी की आवाजाही सस्ती हो जाएगी। नए जीएसटी सुधार इस महीने की 22 तारीख को लागू होंगे। शिवांग के साथ, आरजू, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में औद्योगिक विकास विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में पांच लाख करोड़ रुपए से अधिक की निजी निवेश परियोजनाओं के साथ पांचवें ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन की तैयारी के निर्देश दिए । बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र के साथ बीते साढ़े आठ वर्षों में अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित की जा चुकी है। एक रिपोर्ट–

**बैठक में मुख्यमंत्री ने आगामी नवंबर माह में पांचवें ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन की तैयारी किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी विभाग समयबद्ध तरीके से कार्यवाही सुनिश्चित करें और प्रत्येक निवेश प्रस्ताव की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। निर्यात प्रोत्साहन के प्रयासों को बढ़ाने की जरूरत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना अथॉरिटी में से किसी एक क्षेत्र में फिनटेक हब विकसित किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी जिलों में सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित विशेष रोजगार जोन के विकास की कार्ययोजना पर भी चर्चा की। आकाशवाणी, समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।**

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पचहत्तरवीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म, चलो जीते हैं, देशभर के स्कूलों और लगभग पांच सौ सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है। यह प्रधानमंत्री के जीवन की एक बचपन की घटना से प्रेरित है। प्रदेश के मेरठ, प्रयागराज, सहारनपुर सहित कई अन्य जिलों में भी यह फिल्म दिखाई जा रही है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने सीबीएसई बोर्ड, केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय समिति को वहां के विद्यार्थियों को यह फिल्म दिखाने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में प्रयागराज के केंद्रीय विद्यालय में कल यह फिल्म दिखाई गई। फिल्म देखने के बाद वहां की छात्रा अनन्या ने इसे जीवन को प्रेरित करने वाला बताया।

**मैं इस मूवी से ये प्रेरणा सीखती हूँ की हमें मेहनत करनी चाहिए। नरेंद्र मोदी के पास उस समय में इतनी अच्छी नहीं थी हालात लेकिन उन्होंने तब भी हार नहीं मानी और आज जा के इतने अच्छे नागरिक बन पाए। हमारे देश के प्रधानमंत्री बन पाए। हमें इससे प्रेरणा लेनी चाहिए और हमें भी मेहनत करनी चाहिए।**

**********

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में, मोदी सरकार की पहल, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**पानीपत की धरती पर 22 जनवरी 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटियों के सम्मान में नई योजना की शुरूआत की। ये योजना रही, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ। तब प्रधानमंत्री ने कहा था–**

**हम यह तो चाहते हैं कि बहू तो हमें पढ़ी लिखी मिले लेकिन बेटी को पढ़ाना है तो 50 बार सोचने के लिए मजबूर हो जाते यह अन्याय कब तक चलेगा यह हमारी सोच में यह दोगलापन कब तक चलेगा अगर बहू पढ़ी लिखी चाहते है तो बेटी को भी पढ़ाना यह हमारी जिम्मेवारी बनती।**

**इस योजना के जरिए गर्भ में बच्चियों की हत्या रोकने में सफलता हासिल की गई है।बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की एक दशक की यात्रा की सफल गाथा है, शिशु लिंग अनुपात में कमी रोकना और महिला सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों का समाधान। इस योजना के जरिए बालिकाओं को पढ़ाई और खेल के साथ ही कौशल विकास में भी मदद दी जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी का सपना है, देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना उसे हकीकत बनाने की कोशिश है, जिसे प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में महिला और बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय तथा शिक्षा मंत्रालय अंजाम तक पहुंचाने की कोशिश में जुटे हुए हैं।**

**********

भारत और ऑस्ट्रेलिया की 'ए' टीमों के बीच लखनऊ में चल रहे अनॉफिशियल टेस्ट मैच के तीसरे दिन कल भारतीय टीम ने चार सौ तीन रन बना लिए। इस चार दिवसीय मैच में भारतीय टीम अभी भी ऑस्ट्रेलिया से एक सौ उन्तीस रन पीछे है।

**********

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में कल से लेकर चौबीस सितम्बर तक कहीं–कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है । इस बीच, प्रदेश के कई जिलों में कल भी रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। आज भी कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना बनी हुई है। गोरखपुर और आस–पास के जिलों में आज सुबह से बारिश जारी है।

बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियां उफान पर हैं। बलिया में गंगा, बाराबंकी और अयोध्या में घाघरा तथा सिद्धार्थनगर में राप्ती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इस समय राज्य के नौ जिले बाढ़ से प्रभावित हैं, जहां राहत और बचाव कार्य जारी है।

**********